तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024



14 जिला पंचायत सीईओ की टीम स्वीप चैलेंजर्स ने 10 विकेट से ...



13 परसोदा में फाग गीत पर झूमे ग्रामीण



## खबर संक्षेप

### गाय से टकराई बाइक सवार घायल



**बालोद।** जिले के ग्राम झलमला से जामगांव बायपास मार्ग मध्य स्थित ग्राम जगतरा में शाम लगभग 5 बजे मोटरसायकल चालक गाय से टकरा गया। इस दुर्घटना में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मनीष साहू और चांदनी साहू दोनों भाई बहन मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 07 आरएल 2853 में सवार होकर झलमला की ओर से अपने गृहग्राम जामगांव जा रहे थे। इसी बीच दरमियान ग्राम जगतरा के बीच एक गाय से टकराकरमोटर सायकल वाहन अनियंत्रित होकर गिर गईं। वहीं, इस घटना में मनीष साहू के पैर में गंभीर चोट आई है। ग्रामीणों ने 108 आपातकालीन वाहन के माध्यम से घायल को जिला हॉस्पिटल पहुँचाया।

### खपरी (भोथीपार) में श्रीमद् भागवत महापुराण कल से

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम खपरी (भोथीपार) में ग्रामवासियों के सहयोग 30 मार्च से 7 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। कथावाचक जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी के शिष्य पंडित अमित सरस भारती झा ओम्कारेश्वर शिव मंदिर पलारी होंगे। ग्रामीण मुकेश साहू ने बताया कि प्रथम दिवस शाम 4 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### चिंगरी में फाग महोत्सव कल से

**अंडा।** श्री आदर्श नवयुवक फाग उत्सव समिति, श्री नव ज्योति बघधर्रा जस परिवार, श्री गौरीनंदन जस एवं फाग झांकी मंडली तथा चिंगरी के समस्त निवासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय भव्य फाग महोत्सव का आयोजन 30 एवं 31 मार्च को रखा गया है। चेतन लाल यादव, सुमन निर्मलकर व अछोटी के हंसराज दिल्लीवार ने बताया कि इसी दिन अंडा, आलबरस, अछोटी में भी दो दिवसीय भव्य फाग महोत्सव का आयोजन रखा गया है। उन्होंने आसपास के ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेने का आग्रह किया है।

### ओटेबंद जगभांठा बगीचा में शिव महापुराण कथा कल से

**अंडा।** श्री विष्णु धाम ओटेबंद जगभांठा बगीचा में 30 मार्च से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक पंडित मनोज दुबे भरेंगाव राजनंदगांव वाले तथा परायणकर्ता दिपेश्वर पांडेय होंगे। प्रतिदिन दोपहर 12 से 1 बजे तक शिव अभिषेक के बाद 1 से 5 बजे तक कथा होगी। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक रम्भा चंद्राकर एवं रोहित चंद्राकर ने दी है।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए निकाला सिग्नल, सालभर से यातायात व्यवस्था चौपट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

नेशनल हाईवे क्रमांक 930 के चौड़ीकरण कार्य के लिए जिला मुख्यालय के दल्ली चौक और ग्राम झलमला के तिराहा पर लगे ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे को निकाल दिया गया है। इन दोनों स्थानों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल को निकालने के बाद से यहां यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।

प्रतिदिन चौबीसो घंटे छोटे–बड़े सैकड़ों वाहन इन दोनों स्थानों से होकर गुजरते हैं। ट्रैफिक सिग्नल लगे होने से वाहन चालक नियमों का पालन करते हुए रोड क्रॉस करने से पहले सिग्नल मिलने तक का इंतजार करते थे, लेकिन बीते करीब सालभर से नेशनल हाईवे विभाग द्वारा इस मार्ग का निर्माण और चौड़ीकरण करने के कारण ट्रैफिक सिग्नल को निकलवा दिया गया है। इसके कारण छोटे बाइक चालक से लेकर चारपहिया वाहन चालक तथा अन्य बड़े वाहन यात्री बस, ट्रक, पिकअप, हाईवा जैसे भारी भरकम वाहन के चालक इन दोनों चौक पर रोड क्रॉस करते समय अपने हिसाब से चलते हैं। ऐसे में चौक पार करते समय पहले आगे बढ़ने के चक्कर में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इसके कारण आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हालांकि चौक पर यातायात पुलिस की तैनाती की गई है, लेकिन व्यवस्था सुधर नहीं रही है।

### दल्ली चौक और ग्राम झलमला के तिराहा पर लोगों को हो रही परेशानी



### निर्माण कार्य की गति धीमी

नेशनल हाईवे निर्माण कार्य की गति सुस्त होने के कारण ही आज तक कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। दोनों व्यस्त व प्रमुख चौक पर ट्रैफिक सिग्नल कब तक लग पायेगा, इसकी स्पष्ट जानकारी नेशनल हाइवे विभाग द्वारा नहीं दी जा रही है। वहीं, इस पूरे मामले में नेशनल हाईवे विभाग के एसडीओ से जानकारी लेने संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

## समस्या : बिजली की खपत बढ़ने से बढ़ी लो वोल्टेज की समस्या

# अभी से होने लगा मई-जून की गर्मी का अहसास, गहराने लगी पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

मई माह में होने वाले नौतपा का अहसास इस बार मार्च के अंतिम दिनों में ही होने लगा है। होली त्यौहार के बाद गर्मी तेज हो गई है। तापमान में वृद्धि हुई है, यही वजह है कि दिन का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि रात का तापमान भी 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।

जिले में बढ़ती गर्मी के कारण वाटर लेवल भी डाउन हो गया है, जिसके कारण पीने के पानी से लेकर तालाबों में निस्तारी तथा वर्तमान में बोई गई फसलों को पानी पहुंचाने मुश्किलें बढ़ रही हैं। इधर उमस भरी गर्मी से बचने लोग बिजली की खपत अधिक कर रहे हैं, जिसके कारण लो वोल्टेज की समस्या बढ़ गई है। इसी लो ओल्टेज के कारण मोटर पंप खराब हो रहा है, जिससे लोगों को पीने की पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहा है। मार्च महीने में ऐसी स्थिति है तो आने वाले अप्रैल, मई तथा जून जैसे भीषण गर्मी के दिनों में स्थिति किस तरह होगी, इसका अंदाजा वर्तमान स्थिति से लगाया जा सकता है।

### वाटर लेवल डाउन होने के कारण कई वार्डों में नहीं पहुंच पा रहा पर्याप्त पानी



### दुरुस्त की जाएगी व्यवस्था

तालाबों की स्थिति को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने कहा कि पहले की जो व्यवस्था है उसे दुरुस्त किया जाएगा। इसके अलावा मैं बैठक ले रहा हूँ। अभी आचार संहिता है, इसके कारण पार्षदों से बात नहीं हो पाई है। कर्मचारियों की बैठक लेकर जो भी काम करना है, उस पर बात करूंगा। तालाबों को चिन्हांकित करते हैं, फिर उस पर काम करेंगे।

### शहर में लो वोल्टेज के कारण पेयजल समस्या

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत कई वार्डों में वार्डवासियों के घर लगे नल के बार बार बंद होने की समस्या सामने आ रही है। इसका मुख्य कारण लो वोल्टेज है। लो वोल्टेज के कारण मोटर बंद हो जाता है। इसके साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंचने की बजाए पानी की धार कम हो जाती है, जिसके कारण अधिकांश वार्डवासियों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### आधा दर्जन तालाब अभी से सूखने की कगार पर

जिला मुख्यालय के आधा दर्जन तालाब अभी से सूखने की कगार पर हैं। शहर के गंगा सागर तालाब, काशीबन तालाब, रिठिया तालाब, दशहरा तालाब तथा कुंडी बरेज तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इन तालाबों की सफाई हुए लगभग 7–8 साल से अधिक समय बीत चुका है। वर्तमान में इन तालाबों में पालीथिन से लेकर कई तरह के कचरे फैले हुए हैं। वहीं, तालाब में खरपतवार भी उग आए हैं। वर्षों से तालाब की सफाई नहीं होने से तालाब निस्तारी लायक नहीं रहा। तालाब में पानी कम दलदल अधिक होने के कारण तालाब से बदबू आती है।

# अरमुरकसा पहुंचे जांच अधिकारी, न समूह के सदस्य मिले, न पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

- गौठान में स्थापित रीपा में बेकरी निर्माण इकाई का मामला

आदिवासी विकासखण्ड डोंडी के ग्राम अरमुरकसा के गौठान में निर्मित महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में शासन द्वारा चयनित बेकरी निर्माण इकाई के लिये करोड़ों रुपयों का भवन का निर्माण व लाखों रुपयों की मशीनों की खरीदी के बाद चयनित समूह के स्वरोजगार की जांच करने जिला स्तर से प्रणय बघेल प्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र बालोद, रीपा केंद्र अरमुरकसा पहुंचे। लेकिन, स्व सहायता समूह के पदाधिकारी व सदस्य नहीं पहुंचे। वहीं, अधिकारी सरपंच सरोज बाई बलेंद्र से ही जानकारी लेकर पंचनामा बनाकर चले गए।

इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने जांच करने आए अधिकारी से ग्राम अरमुरकसा के चयनित स्व सहायता समूह के बेकरी निर्माण के लिए मशीनों की खरीदी में कई गयी बंदरबांट का आरोप लगाया। उन्होंने मशीन कोने में रखे जाने से उनको स्वरोजगार ना मिलने व करोड़ो की लागत से बने भवन को चिक्की निर्माण के लिए प्रदेश से बाहर की कम्पनी को देने के लिए किये गए एमओयू के संबंध में जानकारी चाही, तो जांच में अधिकारी ने जिला पंचायत से जानकारी लेने की बात कही।

सरोज बाई बलेंद्र सरपंच ग्राम पंचायत अरमुरकसा ने बेकरी निर्माण के लिए बने भवन को चिक्की निर्माण हेतु किसी भी एम ओ यू होने से इनकार किया। गौरतलब है कि अधिकारियों के उदासीनता के चलते महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क अरमुरकसा में सिद्धि विनायक बेकरी मर्यादित समिति के सदस्यों को स्वरोजगार नहीं मिल पाया व स्वरोजगार की आस में प्रशिक्षण सहित अन्य कार्यों में समय खराब करने के बाद भी ना तो स्वरोजगार मिल पाया और ना ही रोजगार। वहीं बेकरी निर्माण के लिए बनाये गये करोड़ो रुपयों के भवन का उपयोग मिलेट चिक्की निर्माण एजेंसी द्वारा किया जा रहा है जहाँ ग्राम के स्व सहायता समूह के सदस्य मजदूरी कर रहे है ,गौठान में रीपा के माध्यम से आयमूलक गतिविधियों के संचालन के लिए शासन द्वारा आधारभूत संरचनाएं एवं संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, किन्तु समूह के सदस्य अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। ग्रामीण अंचल के समूह के सदस्यों को गांव में ही स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए महात्मा ▸▸| शेष पेज 13 पर

# 400 पार का लक्ष्य कार्यकर्ताओं के समर्पण से ही संभव : गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

- भाजपा दक्षिण पाटन की मंडल स्तरीय बैठक में दुर्ग विधायक ने दिए टिप्स

भाजपा दक्षिण पाटन मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन गुरुवार को जैन भवन जामगांव आर में किया गया। मुख्य मार्गदर्शक दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव थे। मंडल प्रभारी रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ सह संयोजक भगवान सिंह चंद्राकर ने भी मार्गदर्शन दिए।

दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि लोक सभा चुनाव में भाजपा 400 पार बूथ स्तर की मजबूती पर ही संभव होगी। जन जन और सबके के मन में मोदी है, घर घर मोदी का संदेश पहुंचाने का काम प्रत्येक कार्यकर्ता का है। कार्यकर्ता समर्पित होकर केंद्र सरकार और राज्य की डबल इंजन सरकार की कामयाबी और उज्ज्वल भविष्य की जनहित के लिए दिशा और दशा का एहसास कराए, आमजनता पहले ही मोदी जी की कार्य शैली से परिचित है, आप केवल मोदी जी का जय श्री राम के साथ





अभिवादन पहुंचाए। समर्पित काम के दम पर आम से खास बनने का मौका भाजपा देती है। मंडल प्रभारी रोहित साहू ने बूथ प्रबंधन ▸▸| शेष पेज 13 पर


# सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहीं मॉडीफाइड बाइक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में मोटर वाहनों के दुरूपयोग तथा इससे संबंधित नियमों की धज्जियां उड़ाते अक्सर देखा जा सकता है, लेकिन इस पर प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण लापरवाही बरतने वाले लोगों के हौसले और बढ़ते जा रहे हैं। जिले में नाबालिग बच्चों से लेकर शौकीन जवानों द्वारा तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना हो या तेज आवाज के साथ साइलेसर एवं हार्न बजाना, वर्तमान समय में फैशन बनता जा रहा है। लोग अपने साथ अन्य लोगों की जान की परवाह न करते हुए ऐसे कई नियमों को ताक पर रखकर गाड़ी चलाते देखे जा सकते हैं।

प्रशासन द्वारा मोटर वाहन जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाया जाता है और नियमों के पालन की अपील की जाती है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर इन कार्यक्रमों का असर कुछ दिन रहने के बाद लोग इन नियमों को भूल कर अपने तरीके से अपने ही जान को जोखिम में डालकर फैशन से गाड़ी चलाते नजर आते हैं।

### जिले में यातायात और परिवहन नियमों की उड़ाई जा रहीं धज्जियां



### पालकों की लापरवाही भारी पड़ सकती है

पालकों द्वारा भी अपने नाबालिग बच्चों को गाड़ी दे दी जाती है। ऐसे में बच्चे गाड़ियों का दुरूपयोग करते हैं और मनमाने तरीके से गाड़ी में बदलाव लाकर उसे चलाते हैं। इसके कारण अन्य पालक और बच्चे भी पीछे नहीं हटते और यह सब लापरवाही जिला मुख्यालय में आम तौर पर देखी जा सकती है। वहीं, इन नाबालिग बच्चों द्वारा गाड़ी में परिवर्तन करके नंबर प्लेट, हार्न तेज करना, लाईट में बदलाव करना, साईलेसंर को तेज करना जैसे काम किए जा रहे हैं और सुरक्षा नियमों के तहत हेलमेट पहनना, ट्रैफिक लाईट, लाईसेंस जैसे नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

### मॉडिफाइड बाइक दुर्घटनाओं का कारण

मोटर वाहनों के शौकीन जिस तरह से गाड़ियों को डिजाइन करवा रहे हैं, वह लोगों के लिए बड़ी दुर्घटनाओं का भी कारण बन सकता है। वाहन रिपेयरिंग के दरमियान अलग अलग वाहनों के सामान उपयोग में लाए जा रहे हैं। ऐसे वाहनों को सड़कों पर अंधाधुंध चलाया जा रहा है। ऐसा करना कभी भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। लेकिन ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण इस तरह की लापरवाही बरतने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वहीं, सड़कों पर चलने वाली गाड़ियों में ज्यादातर नंबर प्लेट पर नंबर की जगह स्लोगन और अलग तरह की पेंटिंग नजर आती है।

### चंगोरी में फागुन के रंग कवियों के संग कार्यक्रम आज

**बालोद/निकुम।** शारदा साहित्य समिति निकुम व ग्रामवासी चंगोरी के तत्वावधान में 29 मार्च को दोपहर 12 बजे ग्राम चंगोरी में फागुन के रंग कवियों के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि साहित्यकार आत्माराम कोशा होंगे, अध्यक्षता साहित्यकार डॉ.संतराम देशमुख करेंगे। विशेष अतिथि साहित्यकार डॉ. दादुलाल जोशी, संपादक मानस मंजूषा साहित्यकार जगदीश देशमुख, साहित्यकार व कवि कैलाश श्रीवास्तव, सरपंच चंगोरी गोमती निषाद, उपसरपंच भेदी बाई व मंच संचालन उजियार पवार करेगें। यह जानकारी आयोजक प्रमुख कवि व छत्तीसगढ़ी गीतकार प्यारेलाल देशमुख ने दी।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## कुटुंब प्रबोधन द्वारा किया गया सामाजिक समरसता कार्यक्रम

# जन्मजात विषमता को हटाकर समता एवं न्याय का वातावरण तैयार करना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला मुख्यालय के शिकारीपारा स्थित पेंशनर समाज भवन में बुधवार को कुटुंब प्रबोधन द्वारा सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सामाजिक समरसता विषय पर चर्चा करते हुए रायपुर के रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि समाज में जन्मजात विषमता को हटाकर समता एवं न्याय का वातारण तैयार करना सामाजिक समरसता का विषय है, यह हर एक व्यक्ति के मन को बदलने का कार्य है, न कि सभा, सम्मेलन, कार्यक्रम व विरोध का। संघ में यह कार्य प्रारंभ से ही चल रहा है, समाज की विशेष परिस्थिति को ध्यान में लेकर सुव्यस्थित रूप से सामाजिक समरसता गतिविधि का कार्य चल रहा है। देश में प्रत्येक खण्ड स्तर पर महिला एवं पुरूषों की एक टोली व्यक्तिगत जीवन, पारिवारिक जीवन व समाज जीवन में परिवर्तन के लिए यह टोली प्रयास कर रही है। विभिन्न महापुरूषों की जयंती, पुण्य तिथि या उनके जीवन के किसी विशेष प्रसंग पर सामाजिक समरसता निर्माण करने हेतु जिन–जिन महापुरूषों ने प्रयास किया, उनके विचारों को समाज में पहुँचाने का कार्य सामाजिक समरसता गतिविधि के ▸▸| शेष पेज 13 पर





**संजीवनी**
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर

- सीने में भारीपन
- उच्च रक्तचाप,
- ब्लड शुगर, • थायराइड
- चलने पर सांस फूलना,
- कंधों में जकड़न,
- धड़कन का कम या ज्यादा होना
- चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
- कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
- पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### नशे पर रोक, शिक्षा पर जोर से होगा समाज का विकास

**रायपुर।** नशामुक्ति महाभियान समिति के पदाधिकारियों सहित सदस्यों ने बीएसयूपी कॉलोनी कोटा में होली मिलन मनाया। कार्यक्रम में समिति के संयोजक भगवानू नायक ने बड़े-बुजुर्गों को गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया और एक-दूसरे गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर श्री नायक ने कहा, होली के पर्व पर नशा से दूर रहना जरूरी है, जब तक हम लोग समाज में नशे पर रोक और शिक्षा पर जोर नहीं देंगे तब तक हमारे समाज का विकास नहीं हो सकता क्योंकि नशा, नाश का और शिक्षा, विकास का द्वार है। उन्होंने कहा नशा बर्बादी का और शिक्षा खुशहाली माध्यम है इसलिए हर साल नशे की होली जलाएंगे और शिक्षा की रोशनी से समाज को रोशन करेंगे। कार्यक्रम में आशीष तांडी, लालू कुम्हार, विरेंद्र सोना, मकारू हरपाल, महेंद्र बाघ, अर्जुन हरपाल, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अमित बने जोरा समिति के अध्यक्ष

**रायपुर।** अमित सिंह साईं नगर आवासीय समिति जोरा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके अलावा उपाध्यक्ष छोटेलाल ठाकुर, सचिव चंद्रशेखर राव, संयुक्त सचिव वंदना बिसेन और कोषध्यक्ष डॉ. अजय कुमार कोस्टा विजयी हुए। इसी दौरान अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि सर्वप्रथम हमारी सोसाइटी की प्राथमिकता योजनाबद्ध तरीके से नाली का निर्माण करना, जर्जर हो चुकी सड़क की मरम्मत, पर्यावरण को बचाना, जिसमें पौधारोपण और सोसाइटी को हरा भरा करना और कॉलोनी के मुख्य द्वार का निर्माण पर कार्य करना हमारी प्राथमिकता रहेगी।

### लाहोटी बने मूर्खाधिराज राधा बनीं महामूर्खनी

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एवं रायपुर ब्राइट फाउंडेशन की ओर से जलविहार कॉलोनी स्थित क्लब के सभागृह में होली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया, जहां लक्ष्मीनारायण लाहोटी को मूर्खाधिराज तथा राधा राजपाल को मूर्खाधिराजनी के पद से नवाजा गया। रंग-बिरंगे गुलाल और फूलों की होली मिलन समारोह में राधा, शिल्पी सोनवानी और कृष्ण, आरती बनी थीं। गोपियां की भूमिका अन्नपूर्णा शर्मा, अंजली शितूत , देवमणि साहू, प्रीति जोशी, अनघा करकशे, दीपाली धर, सुषमा ध्रुव, भावना सरवैया ने निभाई। इस अवसर पर नानसेंस वार्षिक पत्रिका का विमोचन क्लब के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद ने किया। इस अवसर पर तपेश जैन, अंटू ठाकुर, चेतन चंदेल सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### सराफा व्यापारियों ने मनाया होली मिलन

**रायपुर।** सेठ नाथूराम होलिका उत्सव समिति की ओर से नाहटा मार्केट सदर बाजार में होली मिलन समारोह हुआ। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठजन, सराफा व्यापारी, विभिन्न समाजों के प्रमुख एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। समिति के संयोजक हरख मालू ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठजन, सराफा व्यापारी, विभिन्न समाजों के प्रमुख एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। श्री मालू ने बताया सदर बाजार में होलिका उत्सव एकादशी से प्रारंभ होता है। पांच दिन के आयोजन में विभिन्न फाग मंडलियों की ओर से फाग गीत एवं भजनों का आयोजन किया जाता है।

### भाईदूज पर भगवान चित्रगुप्त का पूजन

**रायपुर।** कायस्थ समाज ने भाईदूज के अवसर पर न्यू शांति नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का पूजन किया। शाम 6 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। भगवान चित्रगुप्त के पूजन कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। इसमें प्रमुख रूप से रामप्रकाश श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, विट्ठल श्रीवास्तव, प्रदीप वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, नितिन खरे, राजेश श्रीवास्तव, मंजू वर्मा, शीला श्रीवास्तव, अरुणा खरे, संध्या श्रीवास्तव आदि उपस्थित थीं।

**स्पर्धा :** नगर के पं.जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हुई स्पर्धा

# केरला पुलिस ने बिहार को हराकर जीता आल इंडिया गोल्ड कप फुटबाल का उद्घाटन मैच

**देशभर की 8 मशहूर टीमें प्रतियोगिता में हो रही हैं शामिल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भिलाई इस्पात सयंत्र अंतर्गत लौह अयस्क खदान समूह राजहरा मांइस फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में आल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन नगर के पं.जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 27 मार्च को किया गया।

10 दिनों तक चलने वाले स्पर्धा में देशभर के मशहूर 8 टीम शिरकत कर रही है स्पर्धा का उद्घाटन मैच केरला पुलिस एवं बक्सर फुटबॉल क्लब बिहार के मध्य खेला गया। निर्धारित समय पर केरला पुलिस ने 02 के मुकाबले 05 गोल से मैच जीत दर्ज की। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विपिन गिरी, कार्यपालक निर्देशक खदान, विशेष अतिथि जीके आर्या, मुख्य स्टेशन प्रबंधक रेलवे, आरबी गहरवार, मुख्य महाप्रबंधक खदान, डॉ. जीडी गांधी, समीर जैन, डॉ शैबाल जाना, मुख्य चिकित्साधिकारी शहीद अस्पताल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजहरा माइंस फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राजेंद्र बेहरा ने किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विपिन गिरी, द्वारा राजहरा माइंस फुटबॉल एसोसिएशन का झंडा फहराया गया। फीफा सांग एवं राष्ट्रीय गान के साथ टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच का विधिवत शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण संघ के संरक्षक आरबी गहरवार, मुख्य खदान प्रबंधक ने दिया। प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह के बाद खेले गये एक मात्र मैच में केरला पुलिस की टीम मध्यांतर तक बिहार की टीम से 01 के मुकाबले 05 गोल से बढ़त बनाये रखा। केरला पुलिस की ओर से खिलाड़ी के. अर्जुन, साजिश, जमशेद, ने एक-एक गोल एवं जर्सी नं. (13) ने अपनी टीम के लिए शानदार दो गोल किया और टीम को जीत दिलाई। इसके जवाब में बक्सर बिहार की ओर से खेल के 29 वे मिनट में शीबू ने पहला गोल कर जीत के बढ़त को कम किया वहीं दुसरा गोल डी.अमर ने खेल 10 मिनट पुर्व गोल कर हार के अंतर को 5 -2 किया। इस तरह केरला पुलिस ने विजय अभियान की शुरुआत की 28 मार्च को स्वर्ण कप प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मैच खेले गए। पहला मैच के.सी.बी. केरला एंव बंगलौर एंव दूसरा मैच नारायणपुर (छ.ग.) एंव बारसुल पं. बंगाल के बीच खेले गए। उद्घाटन मैच के आफिसियल्स रैफरी विजय आनंद, अमन कुमार, प्रफुल्ल कुमार, रविन्द्र रजवाड़े एंव मैच कमिश्नर रूबी डेविड रहे।

### कार्यक्रम के आयोजन में बीएसपी करेगा सहयोग : गिरी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विपिन गिरी ने कहा कि राजहरा नगरवासियों की भावनाओं के अनुरूप इस राष्ट्रीय स्तर के टुर्नामेंट को शुरू किया है जो बहुत ही खुशी एवं उत्साह की बात है। भविष्य में भी इसी तरह यह राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल आयोजन होता रहे इसके लिए बी.एस.पी. प्रबंधन भरपूर सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर भिलाई इस्पात संयंत्र एवं राजहरा मांइस के आला अधिकारी सी.कांत महाप्रबंधक खदान, विपिन कुमार बेहरा महाप्रबंधक एम एंड एस , अधिकारी शमशाद रजा शैलेन्द्र कुमार व्यास, राकेश सिंह , नितिश क्षत्रिय, सी.आई.एस.एफ. कमान्डेंट तनवीर अहमद, समाजिक कार्यकर्ता, पुर्व विधायक विनोद खांडेकर,राजहरा मांइस फुटबॉल के पदाधिकारी अध्यक्ष राजेंद्र बेहरा, उपाध्यक्ष मुकुल वर्मा, सचिव त्रिनाथ नायडू, संगठन सचिव गौतम बेहरा, कमलाकर सिह अजय परेरा अमृत सिंह, सुरेश वर्मा ,वरिष्ठ गोलकीपर ए.उदय कुमार अवधराम हरख साहू सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन एंव उद्घोषन संजय रावत, भूषण निर्मलकर ने किया।

# परसोदा में फाग गीत पर झूमे ग्रामीण

## होली मिलन, फाग गीत व रामधुनी कार्यक्रम का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

फाग उत्सव समिति एवं ग्रामवासी पुराना पारा परसोदा द्वारा दो दिवसीय होली मिलन समारोह फाग गीत व रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रकाशचंद जैन थे, अध्यक्षता मोहन नाहटा ने की। विशेष अतिथि भाविन पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष सिन्हा समाज डॉ. बिस्मभर सिंह सिन्हा, सरपंच साकरा दिनेश सिन्हा, सरपंच करहीभदर लीला राम डडसेना, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति साकरा यशवंत सिन्हा, खेमराज विश्वकर्मा, किशोर कौशिक, रामकुमार सिन्हा रहे। प्रकाशचंद जैन ने कहा कि होली का त्यौहार अधर्म पर धर्म एवं असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देता है। यह हर्षोल्लास परस्पर मिलन व एकता का प्रतीक है। आयोजन में कुल पांच मंडलियां शामिल हुई। जय मां विंध्यवासिनी फाग मंडली गोकुलपुर धमतरी व दूसरे दिन जय श्री कृष्ण नेवारिया चरवाहा फाग मंडली पिसेगाव दुर्ग, जय छत्तीसगढ़ बालक रामधुनी मंडली देवरी भखारा, दिया के अंजोर फाग मंडली पेंड्री बालोद, जय सरस्वती रामधुनि मंडली आमदी पलारी की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में कृष्ण राधारानी व शिव जी की महाआरती की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच परसोदा सुशील ओकेश मरकाम थे। अध्यक्षता गोपी राम साहू ने की। उपसरपंच भागवत राम साहू, भुनेश रामटेके, यामिनी नरेश साहू, कीर्तन राम साहू, संतराम सर्वा, रामचंद्र नेताम, भोजराम साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुमार साहू व अश्वनी सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में आयोजक समिति के सदस्य डोमेंद्र साहू, गोपाल पटेल, महेश नेताम, प्रमोद यादव, प्रेम लाल पटेल, दीपक यादव, टेंगन मरकाम, रामचंद्र नेताम, गोवर्धन ठाकुर, नागेन्द्र सम्मी सिन्हा, बीरेंद्र मेश्राम, ज्योति साहू, कौशिल्या सिन्हा, भगवती सिन्हा, जितेश पटेल, शारदा सिन्हा, रीना पटेल, लक्ष्मी यादव का योगदान था।

### मतदान कर्मियों के आवेदन के निराकरण के लिए समिति गठित

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान दलों में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा आवश्यक कार्यों से मतदान दलों के कार्यों से विमुक्तिकरण एवं अवकाश के लिए प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु 05 सदस्यीय समिति का गठन किया है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन 2024 के लिए मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक, संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद शीतल बंसल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही सुरेश साहू को मतदान दलों के कार्यों से विमुक्तिकरण एवं अवकाश के लिए प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए गठित समिति का सदस्य बनाया गया है।

### व्याख्याता ने करवाया न्योता भोज



**अर्जुंदा।** शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय अर्जुंदा के व्याख्याता सचिन निषाद ने अपनी माता राधा बाई निषाद के जन्म दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मनकी (सुरेगांव) में न्योता भोजन का आयोजन किया। न्योता भोज में स्वादिष्ट भोजन के रूप में पूड़ी, मटर पनीर तथा गुलाब जामुन परोसा गया। सभी बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया। न्योता भोजन में शाला के शिक्षक वेंकेश्वर निषाद, ईश्वरी साहू, सत्या बेलचंदन व गोकुल राम आंधिया उपस्थित थे।

### आरक्षक हृदयराम ने दिया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भरनाभाट में 28 मार्च को आरक्षक हृदयराम साहू ने न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों को खीर पूड़ी सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक माध्यमिक आर.एम सिध्दकी, प्राथमिक ए.के देवांगन ,जेपी देशमुख, गुरुदास ,शिम्पी, टी एस देवांगन एवं सीएसी भागवत राम इन्दोरिया उपस्थित थे।

### अरमरीकला में हुई फाग प्रतियोगिता



**बालोद/कलंगपुर।** रंगों के त्यौहार होली पर अरमरीकला उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ अंचल की 8 फाग मंडलियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी मंडलियों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए थे। प्रतियोगिता का समापन 24 मार्च को होलिका दहन के दिन देर रात को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री बालोद नरेश मदन साहू थे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि हरिश्चंद्र साहू, रामकुमार साहू, तिजूराम मांडवी, पुरुषोत्तम अंगारे, यम कुमार साहू, नारद राम साहू, ओम प्रकाश साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, थानू राम, भीष्म सिंह नागवंशी,

# बागतराई ने जीती फाग प्रतियोगिता

**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम बैहाकुआं में एक दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन 26 मार्च को किया गया। प्रतियोगिता में अंचल की ख्याति प्राप्त मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बागतराई, द्वितीय खल्लारी, तृतीय कातरो, चतुर्थ पेरपार और पंचम भटगांव की मंडली ने जगह बनाई।

साथ ही मंडलियों को विभिन्न आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयलाल मालेकर थे, अध्यक्षता लक्ष्मी भोयर ने की। विशेष अतिथि ग्राम प्रमुख रामसिंह भंडारी, मिलन सिंह खरे, एम आर भंडारी, कृतराम खरे,अशोक टंडन, रोमन लारेन्द्र,कोमल पटेल, हिरदे राम खरे, रिखी राम तारम, गुलाब भंडारी,आदि





उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीकृष्ण युवा समिति के संयोजक पुरानिक भंडारी, अध्यक्ष प्रेम पटेल, उपाध्यक्ष नन्दलाल सहारे, सचिव पवन खोब्रागढ़े, कोषाध्यक्ष मुकुंद भंडारी, अशोक पाथरे,विजय पाथरे,सालिक भंडारी,सुरेश खोब्रागढ़े, योगेश भंडारी, नीलेश खरे,ढालसिंह पटेल, डेविड, जागेश्वर, उमेन्द्र, प्रेम लाल, हीरा लाल, रुपेश, देवेंद्र खोब्रागढ़े,लालेश्वर पटेल, प्रमोद,रवि,विजय प्रजापति, बबलू, राजकुमार,सोमन, किशन, गजेंद्र, भुनेश्वर सहारे, टीकू, रघुवीर,

### भूपेन्द्र को मिला विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार



**बालोद/रायपुर।** ग्राम चीचा निवासी भूपेंद्र कुमार, वरि अनुभाग विद्युत अभियंता (वातानुकूलित) / कोचिंग डिपो / बिलासपुर को वर्ष 2022- 2023 के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा विशिष्ट रेल सेवा पुरुस्कार प्रदान किया गया। भूपेंद्र कुमार, कोचिंग डिपो / बिलासपुर में वरि. अनुभाग विद्युत _अभियंता (वातानुकूलन) के रूप में कार्यरत हैं। इन्होने अभियांत्रिक विभाग के ट्रैक निरीक्षण यान के सेल्फ प्रोपेएल्ड कोच (184561) में लगे 75 KVA के खराब DG सेट को सुधारा, जिससे अतिरिक्त पावर कार की आवश्यकता नहीं रही एवं HSD Oil की खपत में कमी आयी। इनके द्वारा वंदे भारत के रैक का परिचालन करने में भी अहम भूमिका रही ।

**पेज 11 के शेष**

### अरमुरकसा पहुंचे जांच ..

गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क का निर्माण कराने के बाद शासन द्वारा बेकरी निर्माण हेतु चयनित समूह के खाते में लगभग चालीस लाख रुपये की राशि मशीन व अन्य सामग्री खरीदी हेतु जमा कराया गया था , उक्त बेकरी के कार्य करने के लिए अरमुरकसा की सिद्धि विनायक बेकरी मर्यादित समिति के अध्यक्ष मुन्नालाल गोरे ने बताया कि बेकरी,बिस्किट ,ब्रेड,क्रीमरोल सहित बेक़री के अन्य उत्पाद समिति के सदस्यों के द्वारा बनाया जाना था शासन के मापदंड के अनुरुप मशीन खरीदी में लगभग 37 लाख रुपये का कुल खर्च किया गया ,अधिकारियों ने बेकरी निर्माण के प्रशिक्षण के लिये ट्रेनर भेजा व ,ट्रेनर का मानदेय व अन्य खर्च समिति के खाते में बचे राशि से करने की जानकारी दी।

अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पूर्व कांग्रेस सरकार ग्रामीण अंचलों में ग्रामीणों को समूह के माध्यम से स्वरोजगार की योजना के तहत महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क का करोड़ो रुपयों का भवन निर्माण कराकर दिया। शासन द्वारा करोड़ों रुपयों के खर्च के बाद बेकरी निर्माण कार्य को दरकिनार कर चिक्की निर्माण हेतु हैदराबाद की कंपनी को निर्मित स्थल को सौंपा गया ,उक्त कंपनी के साथ गौठान में निर्मित औद्योगिक पार्क भवन को देने के लिये एम ओ यु किया गया या नही ,भवन किराया में दिया गया है तो किराया की राशि कहां जमा हो रही है, इसकी जांच होगी तो चौकाने वाले परिणाम आएंगे। महात्मा गाँधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क अरमुरकसा में चिक्की निर्माण कंपनी को चिक्की निर्माण करने की अनुमति किसके द्वारा दी गई?

### 400 पार का लक्ष्य कार्यकर्ताओं ...

पर मार्गदर्शन दिए। सहकारिता प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक भगवान सिंह चंद्राकर ने कहा कि कार्यकर्ता के समर्पण से सफलता भाजपा को मिलती है और न जाने कौन सा सबेरा समर्पण का फल लेकर आपके दरवाजे आकर बड़ी जिम्मेदारी दे जायेगी, यह भविष्य के गर्भ में है। विगत 5 वर्ष में आप भाजपा मोदी जी की करिश्मा में आम कार्यकर्ता को खास बनते देखे है। जो जिम्मेदारी मिली है उसमे खरा उतरे, भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। बड़े और सच्चे मन से कार्य करें, व्यक्तिगत हित भी अच्छा परिणाम कारक होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता की निष्क्रियता और सक्रियता दोनों चर्चा का विषय बनती है, अपने और पार्टी के हितों के लिए संभल कर चलना होगा।

कार्यक्रम में दुर्ग जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद जैन, जिला पिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूप सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू, शरद बघेल, युवामोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, भाजपा नेता कामता प्रसाद साहू, कन्हैयालाल साहू, लालजी डहरे, मंडल महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, राजेश बंछोर, कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, उपाध्यक्ष टेसराम साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला, अजय बघेल, उतरा साहू, गायत्री यादव, किसान मोर्चा महामंत्री मुकुंद विश्वकर्मा, राधेश्याम राठी, गंगाराम जोशी, रमेश टंडन, नरेंद्र धरमगुड़ी, तीरथ पटेल, खुमान जांगडे, सुरेश जैन, भीखम राठी, युवा मोर्चा प्रचार प्रभारी मुंगन सपहा आदि खास तौर पर उपस्थित थे। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने दिया। कार्यकर्ताओं ने अपनी व्यथा भी सुनाई।मेघनाथ सागरवंशी, संजय साहू, उज्वल केला, अरुण चंद्राकर, सुरेश बंछोर, अभिषेक सेन, दानीराम वर्मा, ललित राजपूत, अशोक शर्मा, रवि सिन्हा, गोपाल ठाकुर, संजय चंद्राकर, भानुप्रिया साहू, देवानंद देवांगन, डेमन कौशिक, केशव साहू उपस्थित थे।

### जन्मजात विषमता को हटाकर समता ...

माध्यम से किया जाता है। कार्यक्रम विभिन्न समाज के प्रमुखों और पेंशनर समाज के लोग के अलावा रूपनारायण सिन्हा, संत देवकर साहेब, रूद्र कश्यप, नीरज वर्मा, केशव साहू, पार्षद सरोजनी साहू, अभिषेक भरद्वाज, तोमन साहू, देवेंद्र जायसवाल, जगदीश देशमुख, पीएल देशमुख, विष्णु साहू, उमर सिंह साहू, बेलसर, रोहिणी साहू, पुरुषोत्म राजपूत, मंजू शर्मा, सहित महिलाए व पुरुष शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन मुरारी लाल चंदन ने किया।

### मध्यान्ह भोजन रसोइयों को दिया गया प्रशिक्षण



**बालोद।** विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय मध्यान्ह भोजन रसोईयों का प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इसमें 300 से अधिक रसोईए शामिल हुए। मध्यान्ह भोजन पोषण आहार को गुणवत्तापूर्ण करने के उद्देश्य को पूरा करते हुए मध्यान्ह भोजन पोषण आहार योजना के अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के स्कूल रसोईयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण विवेकानंद सभागार बालोद में किया गया। जिसमें 300 से अधिक मध्यान्ह भोजन रसोईयो को सफाई और मीनू के संबंध में विशेष निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बसंत बाद्य, बीआरसी बालोद जितेन्द्र गजेन्द्र, मध्यान्ह भोजन जिला प्रभारी रविकांत यादव, विकासखण्ड बालोद मध्याह्न भोजन प्रभारी रजनी वैष्णव, संकुल समन्वयक छोटे लाल चन्द्राकर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों से की भेंट

**गुरूर।** गुरुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों से मिलकर उनको भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर गुरूर मंडल के किसान मोर्चा अध्यक्ष पन्ना लाल साहू, रिशी सिन्हा, शशिकांत जगदल्ले, बूथ अध्यक्ष मकसूदन सोनवानी, रामेश्वर लवत्रे, नूतन साहू और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एनआईसी कक्ष में हुई प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया



**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की उपस्थिति में संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई।

### कांकेर से बिरेश को टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

**कुसुमकसा।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र से बिरेश ठाकुर को टिकट मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मुख्य चौराहों पर ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस समर्थकों ने मिठाई बाँटकर प्रसन्नता का इजहार किया। श्री ठाकुर को टिकट दिए जाने पर मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, राजेश चुरेन्द्र जनपद सदस्य, शिवप्रसाद यादव, प्रेमचंद जैन, कन्हैयालाल भौसार्य, नितिन जैन, राजू सिन्हा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### कलेक्टर ने नयापारा मतदान व प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण



**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयापारा बालोद में पहुँचे। उन्होंने वहाँ बनाए गए मतदान एवं प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने एसडीएम शीतल बंसल एवं मौके पर उपस्थित अधिकारियों से मतदान केंद्र क्रमांक 25 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि इस मतदान केंद्र में कुल वोटरों की संख्या 1311 है। उन्होंने बताया कि यहाँ पर 01 एवं 02 अप्रैल को मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण संपन्न कराने के निर्देश भी दिए।

**जागरूकता**

**कलेक्टर चन्द्रवाल की कप्तानी में स्वीप वारियर्स ने जीता उप विजेता का खिताब**

# जिला पंचायत सीईओ की टीम स्वीप चैलेंजर्स ने 10 विकेट से जीती स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में आयोजित स्वीप क्रिकेट मैच में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, एसडीएम बालोद शीतल बंसल, एसडीएम गुण्डरदेही सुरेश साहू सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने उम्दा एवं बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर जिले के मतदाताओं को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

स्वीप क्रिकेट मैच के माध्यम से अधिकारियों ने क्रिकेट मैच खेलकर जिले के युवा मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में आयोजित स्वीप क्रिकेट के इस रोमाचंक मैच में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की कप्तानी में स्वीप चैलेंजर्स की टीम ने 10 विकेट से विजय हासिल कर मैच के विजेता का खिताब हासिल किया।

इसी तरह कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की कप्तानी में स्वीप वारियर्स की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उप विजेता का खिताब हासिल किया। इस दौरान अधिकारी–कर्मचारियों ने चौके, छक्के लगाकर एवं बेहतरीन क्षेत्ररक्षण एवं गेंदबाजी करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। उल्लेखनीय है कि इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बल्लेबाजी एवं स्पीन गेंदबाजी के साथ–साथ बेहतरीन कॉमेंट्री कर मैच में आकर्षक समाँ बाँधा। पूरे मैच के दौरान स्वीप वारियर्स के ऑल राउंडर खिलाड़ी कप्तान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





### निकाली मतदाता जागरूकता रैली

इस दौरान विशाल मतदाता जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। इस मतदाता जागरूकता रैली में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी–कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मतदाता जागरूकता रैली सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से शुरू होकर जय स्तंभ चौक में रैली का समापन किया गया।

### लोकतंत्र को मजबूत बनाने जरूर करें मतदान : चंद्रवाल

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं परिपक्व बनाने में सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण कर आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में जिले के सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम की सराहना की।

### नायब तहसीलदार मुकेश बने मैन आफ द मैच

मैच के दौरान स्वीप चैलेंजर्स के बल्लेबाज नायब तहसीलदार मुकेश गजेंद्र ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। इस दौरान स्वीप वारियर्स के बल्लेबाज एसडीएम गुण्डरदेही साहू एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीताम्बर यादव ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर खूब तालियाँ बटोरी। प्रतियोगिता में डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सुशांत साहू एवं जिला शिक्षा अधिकारी सहित सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय में आयोजित इस स्वीप क्रिकेट मैच की भूरी–भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के मैच में हमारे सभी प्रतिभागी खिलाड़ी अधिकारी–कर्मचारियों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने में सहभागिता निभाने को कहा।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गिरधारी दास मानिकपुरी को लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**अंडा।** ग्राम कुथरेल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गिरधारीदास मानिकपुरी का जन्म शताब्दी समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर थे।

उन्होंने स्व गिरधारी दास मानिकपुरी, स्व. तिलोचन सिंह साहू, स्व. लखन लाल चंद्राकर, स्व. बुधराम साहू, स्व. कन्हैया लाल साहू जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का देश के प्रति उनकी सेवाओं को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे वीर सेनानियों द्वारा राष्ट्र के लिए किए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। इस अवसर पर जितेंद्र साहू, लोमश चंद्राकर, प्रमोद साहू, नरेन्द्र दास मानिकपुरी, पेमेंद्र दास मानिकपुरी, भीमेंद्र दास मानिकपुरी, श्रवण चंद्राकर, पूर्णिमा मानिकपुरी, मोहमी मानिकपुरी, हीरा मानिकपुरी, इन्दु मानिकपुरी, चांदनी मानिकपुरी, शांति मानिकपुरी, निर्मला मानिकपुरी, रूपा मानिकपुरी, गंगा मानिकपुरी तथा उनके परिजनों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## संगवारी मतदान केन्द्रों में नियुक्त महिला मतदान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के संगवारी मतदान केन्द्रों के संचालन के लिए नियुक्त की गईं महिला मतदान अधिकारियों का परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे प्रशिक्षण में विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. कन्नौजे ने संगवारी मतदान दल में शामिल महिला मतदान अधिकारियों के कार्यों एवं दायित्वों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली है कि आपको संगवारी मतदान केन्द्रों के सफल संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने सभी महिला अधिकारी–कर्मचारियों को पूरे लगन के साथ निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर संगवारी मतदान केन्द्रों के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने संगवारी मतदान दल में शामिल महिला अधिकारी–कर्मचारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर पूजा बसंल ने भी संगवारी मतदान दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## बखरिया खपरी स्कूल में शिक्षिका ने बच्चों को दिया न्योता भोज



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला बखरिया खपरी में न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की शिक्षिका लिपिका कोर्सेवाड़ा ने अपने छोटे बेटे नीरव कोर्सेवाड़ा के जन्मदिन पर बच्चों को खीर पूड़ी सब्जी न्यौता भोजन में प्रदान किया। बच्चे खीर पूड़ी खाकर प्रसन्न हुए।

स्कूल के प्रधानपाठक देवेंन्द्र हरमुख ने बताया कि शासन ने न्यौता भोजन की सुविधा स्कूलों में प्रदान की है। इसके तहत वहाँ के शिक्षक, जन समुदाय, कोई भी ग्रामीण स्कूलों के बच्चों को मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त भोजन कराकर अपने खुशी या कोई भी कार्यकम में शामिल हो सकते हैं। उनसे अपनी खुशी साझा कर सकते हैं। इससे बच्चों को भी अतिरिक्त भोजन करने का अवसर प्राप्त होता है। इसमें फलों को भी शामिल किया जा सकता है। यह एक अच्छी पहल है, जिससे समुदाय भी स्कूलों से जुड़ रहे हैं।

## डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने नोडल अधिकारी नियुक्त

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले की अनिवार्य सेवाओं के अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान कराने के लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवाओं के अनुपस्थित मतदाताओं के अंतर्गत 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता तथा कोविड मतदाता आदि को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराए जाने के लिए विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद के लिए तहसीलदार गुरूर हनुमन्त सिंह श्याम को अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री श्याम का मोबाईल नंबर 9685561564 है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा के लिए तहसीलदार डौण्डीलोहारा गोविंद सिन्हा को को अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। सिन्हा का मोबाईल नंबर 7987689625 है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही के लिए तहसीलदार अर्जुंदा प्रीतम साहू को अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## धनोरा में चकमक पत्थर की चिंगारी से जलाई गई होली



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में बड़े ही धूमधाम से होली मनाई गई। दरबार के सभी भक्तों ने बोरसी-दुर्ग मार्ग पर नाला के पास स्थापित बघुवा की मूर्ति में पान फूल एवं लाल रंग की चुनरी चढ़ाकर सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। उसके बाद दरबार के लक्ष्मण बाबा नंद पंडा राजू यादव विनोद साहू गुलाब साहू मनोज पटेल गज्जू रायपुरिया ने पूजा के बाद चकमक पत्थर से चिंगारी उत्पन्न कर होलिका दहन किया। उसके बाद नारियल नीबू पुराना कपड़ा भेलवा उतार कर होली में डाला गया। होली के अवसर पर श्री राधा कृष्ण फाग एवं सेवा भजन मंडली के गुलाब साहू एवं साथियों ने फाग गीत की शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में लक्ष्मण बाबा नंद पंडा गुलाब साहू मनोज पटेल योगेश साहू विनोद साहू मनसुखा साहू गज्जू रायपुरिया बबलू साहू चीन्टू साहू भोलू साहू वासुदेव सपरे उपसरपंच सुंदर स्प्रे कल्याण देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी व दादी गुलजार को पुण्यतिथि पर दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी और दादी गुलजार की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दोनों दादियों के चित्र पर केंद्र की मुख्य संचालीका बीके विजयलक्ष्मी दीदी और सह संचालिका बीके सरिता दीदी के साथ में ब्रह्माकुमारी दीदियों सहित संस्था के भाई बहनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर दोनों दादियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। इस दौरान बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि दादी जानकी का जीवन समस्त विश्व में नारी शक्ति के लिए प्रेरणा स्रोत था। उन्होंने 104 वर्ष की आयु तक संपूर्ण विश्व को पालना दिया। संस्था को आगे बढ़ाने में उनका मुख्य योगदान था। उनको दुनिया की सबसे स्थिर बुद्धि वाली महिला की उपाधि भी मिली। उन्होंने बताया कि 145 देश में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र खोले, वह दादी जानकी की सेवाओं का ही फल है। दादी जानकी के नेतृत्व में अनेक धर्म सम्मेलन आयोजित हुए। वे 38 साल तक संस्था की मुख्य प्रशासिका रही और अनेक आत्माओं को श्रेष्ठ जीवन जीने की कला सिखाई।

**पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र 1, 2 व 3 द्वारा किया गया आयोजन**

## ग्राम आमटी में महिलाओं को दी गई पोषण संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र 1, 2 व 3 द्वारा ग्राम आमटी में पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं ने स्थानीय महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी दी।

साथ ही उनके खानपान को लेकर व्यवहार परिवर्तन पर चर्चा की गई। सब्जी व भोजन से संबंधित सामानों की प्रदर्शनी लगाकर स्थानीय लोगों को पोषण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान सही पोषण देश रोशन, पोषण में मुस्कान है, स्वास्थ्य की पहचान है, स्वस्थ बच्चा, देश अच्छा जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर गर्भवती माताओं की गोद भराई भी की गई। इसके साथ ही सात माह के बच्चों का अन्नाप्राशन एवं स्वथ्य बच्चों का सम्मान करके आयरन, कैल्शियम के महत्व को बताया गया।

सरपंच घनश्याम साहू ने कुपोषण दूर करने के लिये पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी। महिला बाल विकास परियोजना दुर्ग उषा झा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशीकला चौधरी, कामिन साहू, सरस्वती साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

